अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में दिनाँक 28–09–2019 व 29–09–2019 को कैमिकल सोसयटी द्वारा निबन्ध लेखन व कोलाज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता के दिशा निर्देशन में कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ छात्रों को कल्पना चावला की डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाकर किया गया। कोलॉज प्रतियोगिता का विषय **"कल्पना चावला : अंतरिक्ष की परी, हमारी बेटी"** था। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कल्पना चावला के जीवन, अंतरिक्ष विज्ञान व उसके फ्यूचर स्कोप के बारे में अवगत कराना था। विद्यार्थियों ने उत्सुकता पूर्वक प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। निबंध लेखन एवं पर्यावरण संबंधित विषय दिए गए। निबंध लेखन में 22 प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर प्रतिभागिता की और कोलॉज में 16 विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। निर्णायक मण्डल की भूमिका में श्रीमती किरण आनन्द, डॉ. संजीव गुप्ता, श्रीमति कमल टंडन रहे। धन्यवाद ज्ञापन के साथ विजेता विद्यार्थियों की घोषणा की जिसमें निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सोनिया B.Sc. Phy (H), द्वितीय स्थान पर आंचल वधवा व तृतीय स्थान पर मिथिरा सुरेश B.Sc. Chem. (H), सांत्वना पुरस्कार रितिका शेखावत B.Sc. Phy (H) रही। साथ ही कोलॉज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर मंजु रावत B.Sc. II Chem. (H), द्वितीय स्थान पर विकास B.Sc. I Phy (H) एवं सोनिया B.Sc. I Phy (H), सांत्वना पुरस्कार रिया और नेहा B.Sc. Chem (H)। रहे। अंत में कार्यक्रम पूर्ण रूप से सफल रहा।